DR.VIRENDRA SWARUP PUBLIC SCHOOL,KALYANPUR

SESSION-2021-22 **Class: -4**

DATE: -______________ **Subject: - Hindi** **Roll no: ______**

NAME: -_____________ **Worksheet**

सामान्य निर्देश:

***प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।**

***सम्पूर्ण कार्य उतर पुस्तिका में किया जाएगा।**

***सुलेख पर विशेष ध्यान दें।**

प्रश्न 1-निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए-

अडिग, शुभ्र,उजास, जलधार, महिमा, अभिमान, ताम्रपत्र, प्रचलित, मिश्रित, चातुर्य, अंतराल,तन अंतरराष्ट्रीय, सर्वोपरि , सामूहिक,

प्रश्न 2- निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान भरिए-

क) कबड्डी --------- का राष्ट्रीय खेल है।

ख) तमिलनाडु में कबड्डी को------------नाम से पुकारते हैं।

ग) भारतीय कबड्डी फेडरेशन की स्थापना ------- हुई थी।

घ) हिमालय की गोद में-------------लहराती है।

प्रश्न 3-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

लघु उत्तरीय प्रश्न

क) हिमालय की क्या विशेषता है?

ख) गंगा की धारा हमें क्या सिखाती है?

ग) हमें किसके जैसा अभिमान रखना है?

घ) 'उच्च हिमालय सा अभिमान' कविता कवि के कौन है?

ड·) कबड्डी शब्द किस भाषा के कौन से शब्द से बना है?

च) कबड्डी कैसा खेल है?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

क) जीवन में खेलों का क्या महत्व है?

ख) कबड्डी खेलने के लिए खिलाड़ी में कौन से गुण आवश्यक है?

ग) कबड्डी के खेल में भारत की क्या स्थिति है?

घ) हिमालय अंबर को क्या सुना रहा है?

ड·) हिमालय पर्वत से कौन-कौन सी नदियाँ निकलती है ?उनके नाम लिखिए ।

च) कबड्डी को भारत के किस राज्य में किस नाम से जाना जाता है? उन राज्यों के नाम लिखिए ।

मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न 4-डॉ० विश्वेश्वरैया ने इंजीनियर बनकर देश की सेवा की। आप बड़े होकर क्या बनना चाहोगे? अपने विचार लिखिए।

प्रश्न 5-<u>महीनों के नाम बताइए-</u>

क) 1 वर्ष में कितने महीने होते हैं?

ख) आपका जन्मदिन किस महीने में आता है?

ग) गणतंत्र दिवस किस महीने में मनाया जाता है?

घ) आपको गर्मी की छुट्टियाँ किन दो महीनों में मिलती हैं।

प्रश्न 6 - <u>निम्नलिखित अनुच्छेद में उचित विराम चिन्ह लगाकर अनुच्छेद दोबारा लिखिए-</u>

भारत एक विशाल देश है इसके उत्तर में खड़ा हिमालय संसार का सबसे ऊंचा पर्वत है गंगा यमुना कृष्णा कावेरी गोदावरी जैसी पवित्र नदियां इस देश में बहती है हरे-भरे मैदान बर्फीली चोटियां लहराता सागर लहराता सागर रंग बिरंगे फूल चहकते पक्षी सबका मन मोह लेते हैं इसे कहते हैं भारतीयता का रंग जो अंदर बाहर एक जैसा है

प्रश्न 7- निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए-

क) पानी -पानी होना

ख) फूला न समाना

ग) नौ दो ग्यारह होना

घ) अक्ल पर पत्थर पड़ना

प्रश्न 8 वाक्यांश के लिए उचित एक शब्द लिखिए-

क) जो शाक सब्जी खाता है

ख) छाया देने वाला

ग) जिसके आने की तिथि ना हो

घ) मन को हर लेने वाला

प्रश्न 9-अपने घर में पले हुए किसी जानवर से किए गए काल्पनिक संवाद को लिखिए।

10-निम्नलिखित चित्र को देखकर चित्र वर्णन कीजिए।